**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 18.08.2025**

## स्वाट टीम क्राईम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद व थाना निवाड़ी पुलिस टीम द्वारा थाना निवाड़ी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 04/2016 धारा 307 भादवि0 में फरार वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार।

थाना निवाडी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 04/2016 वाद सं0-657/2016 धारा 307 भादवि0(पुलिस मुठभेड़) बनाम अमित उर्फ विकास उर्फ विक्की उर्फ गंजा पुत्र सूरजभान उम्र 36 वर्ष निवासी म0न0 221 जे0 ब्लाक इन्द्रा कैम्प न0 2 थाना विकास पुरी दिल्ली हाल निवासी एल-2, 32 गली न0 13 निकट तिलक नगर न्यू महावीर नगर, तिलक नगर दिल्ली के मुकदमा उपरोक्त मे माननीय न्यायालय ऐडीजे -2 गाजियाबाद में उपस्थित न होने के संबध में अभियुक्त अमित उर्फ विकास उर्फ विक्की उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा स्वाट टीम क्राईम ब्रान्च व थाना निवाड़ी पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर अभियुक्त अमित उर्फ विकास उर्फ विक्की को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय मे पेश करने हेतु निर्देशित किया गया था।

उक्त अभियुक्त मुकदमा उपरोक्त में वर्ष 2016 से ही जमानत प्राप्त कर लगातार फरार चल रहा था व माननीय न्यायालय के आदेशो की अवहेलना कर रहा था। जिसके विरुद्ध माननीय न्यायालय ऐडीजे-02 गाजियाबाद द्वारा स्थायी गैर जमानतीय वारंट जारी किये गये थे। इसी क्रम में माननीय न्यायालय एडीजे -2 गाजियाबाद द्वारा अभि0 अमित उर्फ विकास उर्फ विक्की के विरूद्ध जारी स्थायी गैर जमानतीय वांरट की अग्रिम नियत तिथि 21.08.2025 तक अभि0 उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष गिरफ्तार कर उपस्थित करने हेतु आदेशित किया गया था ।

स्वाट टीम क्राईम ब्रान्च व थाना निवाडी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर उक्त अभियुक्त अमित उर्फ विकास उर्फ विक्की उपरोक्त को आज दिनांक 18/08/2025 को नहर पटरी पैंगा कट निवाड़ी से गिरफ्तार करने में अहम सफलता प्राप्त की है। जिसको माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार पेश किया जा रहा है। यह भी उल्लेखनीय है कि अभियुक्त अमित उर्फ विकास उर्फ विक्की एक शातिर किस्म का पेशेवर अपराधी है जो दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में जगह बदल-बदल कर किराये के मकान में रहता है । अभियुक्त अमित उपरोक्त के विरुद्ध लूट/डकैती के 08 मुकदमें, चोरी के 03 मुकदमें, हत्या के 02 मुकदमें, हत्या का प्रयास के 05 मुकदमें, व गैगस्टर एक्ट का 01 मुकदमा पंजीकृत है। उल्लेखनीय है कि उक्त अभियुक्त वर्ष 2016 में थाना निवाडी पर नियुक्त आरक्षी की हत्या के प्रयास में बाद पुलिस मुठभेढ गिरफ्तार होकर जेल गया था। जमानत पर रिहा होने के बाद से लगातार फरार चल रहा था व माननीय न्यायालय में मुकदमें के परीक्षण के दौरान उपस्थित नहीं हो रहा था ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

अमित उर्फ विकास उर्फ विक्की उर्फ गंजा पुत्र सूरजभान उम्र 36 वर्ष निवासी म0न0 221 जे0 ब्लाक इन्द्रा कैम्प न0 2 थाना विकास पुरी दिल्ली हाल निवासी एल-2, 32 गली न0 13 निकट तिलक नगर न्यू महावीर नगर तिलक नगर दिल्ली

**आपराधिक इतिहासः-**

अभियुक्त अमित उर्फ विक्की के विरूद्ध दिल्ली में 07 , गाजियाबाद मे 08 ,मेरठ मे 04 , कुल 19 अभियोग पंजीकृत है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

स्वाट टीम क्राइम ब्रान्च व थाना निवाड़ी पुलिस टीम कमि0 गाजियाबाद

**सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत गाजियाबाद पुलिस का 10 दिवसीय विशेष अभियान**

पुलिस आयुक्त, गाजियाबाद महोदय के निर्देशानुसार, कमिश्नरेट गाजियाबाद में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु गाजियाबाद स्थित एक्सप्रेस-वे एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क किनारे तथा होटल/ढाबों के पास अनधिकृत रूप से खड़े वाणिज्यिक वाहनों के विरुद्ध यातायात पुलिस द्वारा ***10 दिवसीय विशेष अभियान*** चलाया गया। उल्लेखनीय है, कि प्रमुखतः रात के समय एक्सप्रेस-वे एवं राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क किनारे तथा होटल/ढाबों के पास अनधिकृत रूप से खड़े वाणिज्यिक वाहनों के कारण दुर्घटनाओं की आशंका अत्यधिक बढ़ जाती है। पूरे भारत में घटित सड़क दुर्घटनाओं के विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है, कि बड़ी सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण ऐसे ही वाणिज्यिक वाहनों का रात के समय सड़क किनारे खड़ा होना है।

अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा ऐसे वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए कुल **1168 वाहनों** के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई। साथ ही वाहन चालकों को सड़क किनारे वाहन खड़ा करने से होने वाले खतरों एवं दुर्घटना की संभावनाओं के विषय में जागरूक किया गया।

यह अभियान आगे भी ***सतत रूप से जारी रहेगा*** ताकि दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।